भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4402
दिनांक 19 मार्च, 2026

महाराष्ट्र में पीएनजी नेटवर्क का विस्तार

4402. **श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि महाराष्ट्र के भिवंडी क्षेत्र में पाइपकृत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) नेटवर्क का विस्तार धीमी गति से चल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार भिवंडी शहर और इसके ग्रामीण क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार के लिए कोई समयबद्ध योजना तैयार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भिवंडी में अब तक कितने घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और भविष्य के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार ने भिवंडी में पीएनजी की आपूर्ति में लगी गैस कंपनियों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का एक हिस्सा है जिसमे घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक ईकाइयो को पीएनजी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण करना शामिल है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार किया जा रहा है।

भिवंडी, ठाणे शहरी और आस-पास की नगर पालिकाओं के भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) का हिस्सा है, जिसे सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) को प्राधिकृत किया गया है। एमडब्ल्यूपी के अनुसार, सीजीडी कंपनी को मार्च, 2014 तक इस जीए में 2,25,000 पीएनजी (घरेलू या डी) कनेक्शन देने थे और 1675 इंच-किमी पाइपलाइन बिछानी थी। प्राधिकृत कंपनियां अपने जीए में वाणिज्यिक इकाइयों के ग्राहकों को भी माँग और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करती हैं। दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, एमजीएल ने इस जीए में 14,48,564 पीएनजी (डी) कनेक्शन, 1,305 पीएनजी (वाणिज्यिक) कनेक्शन दिए हैं और 10,466 इंच-किमी पाइपलाइन बिछाई है। इसमें से, ठाणे जिले में 11,66,263 पीएनजी (घरेलू) कनेक्शन, 1,176 पीजीडी (वाणिज्यिक) कनेक्शन और 8,972 इंच-किमी पाइपलाइन अवसंरचना है।

इसके अलावा, सरकार और पीएनजीआरबी, कंपनियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर सीजीडी नेटवर्क की प्रगति की निगरानी करते हैं। यदि कोई देरी या कमी होती है तो पीएनजीआरबी संबंधित कंपनी को सुधारात्मक कार्रवाई करने की सलाह देता है जिसमे प्रगति समीक्षा बैठकों के लिए बुलाना या चुनौतियों और प्राधिकृत जीए में उनके एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों से जुड़ नवीनतम जानकारी पर चर्चा करके मौजूदा विनियमों के तहत वैधानिक सुनवाई के लिए बुलाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, सरकार संबंधित राज्यों में सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए राज्य सरकारों के साथ नियमित रूप से बातचीत और बैठकें करती है और इस संबंध में आने वाली चुनौतियों का समाधान करती है।

*****